भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 895

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

दुर्गापुर के लिए नया लिंक एक्सप्रेसवे

†895. श्री कीर्ति आज़ाद:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बर्धमान-दुर्गापुर को बांकुड़ा शहर के रास्ते वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे कॉरिडोर से जोड़ने वाले नए दुर्गापुर लिंक एक्सप्रेसवे की वर्तमान स्थिति क्या है और इसे पूरा करने तथा मुख्य एक्सप्रेसवे नेटवर्क के साथ इसे जोड़ने की समय-सीमा क्या है;

(ख) बर्धमान-दुर्गापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में दुर्गापुर लिंक एक्सप्रेसवे और संबंधित सड़क परियोजनाओं के तहत भूमि मालिकों और परियोजना प्रभावित परिवारों को समय पर व उचित मुआवजा तथा पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) स्थानीय निवासियों और वाणिज्य के लिए एक्सप्रेसवे नेटवर्क के लाभ का पूरी तरह से दोहन करने के उद्देश्य से बर्धमान-दुर्गापुर के भीतर अंतिम छोर तक संपर्क को बढ़ाने और ग्रामीण सड़कों तक पहुंच में सुधार करने के लिए कौन-सी पहलें किए जाने की योजना हैं या पहलें की जा रही हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) देश में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे की संपर्कता और एकीकरण में सुधार/चौड़ीकरण/निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/व्यवहार्यता अध्ययन करती रहती है ताकि अंतिम मील संपर्कता प्रदान की जा सके। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश का निर्णय विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), संपर्कता की आवश्यकता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के परिणाम के आधार पर लिया जाता है। जहां तक न्यू दुर्गापुर लिंक एक्सप्रेसवे का संबंध है, सरकार के पास ऐसी कोई परियोजना विचाराधीन नहीं है।

*****